आकाशवाणी जयपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक 09.10.2023 समय 18.30

- राजस्थान सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान–प्रदेश में 23 नवम्बर को एक चरण में मतदान होगा।
- राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता की पालना कराने का काम शुरू–मतदाताओं के लिए अभी भी मतदाता सूची में नाम जुडवाने का मौका।
- भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए 41 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की– लोकसभा के 6 और राज्यसभा के एक सांसद को मैदान में उतारा।
- सघन मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण अभियान का तीसरा चरण आज से शुरू।

000

निर्वाचन आयोग ने आज राजस्थान सहित पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा कर दी है। राजस्थान में 23 नवम्बर को एक चरण में मतदान होगा। चुनाव अधिसूचना 30 अक्टूबर को जारी होगी। 6 नवम्बर तक नामांकन भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 7 नवम्बर को होगी। प्रत्याशी 9 नवम्बर तक नाम वापस ले सकेंगे। मध्य प्रदेश में 17 नवम्बर, मिज़ोरम में 7 नवम्बर, तेलंगाना में 30 नवम्बर, और छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवम्बर को वोट डाले जाएंगे। सभी राज्यों में तीन दिसम्बर को एकसाथ मतगणना होगी। निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आज नई दिल्ली में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इन पांच राज्यों की 679 विधानसभा सीटों पर मतदान के लिए आयोग ने व्यापक तैयारियां की हैं। पिछले छह महीने से चुनाव की तैयारी जारी की रही थी। इस बीच आयोग की टीम ने इन राज्यों का दौरा कर तैयारियों का जायज़ा भी लिया। चुनाव की घोषणा के साथ ही इन राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है।

000

प्रमुख राजनैतिक दलों ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सभी राज्यों में भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी और अगले 5 साल तक लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम करेगी।

कांग्रेस ने भी यह विश्वास जताया है कि वह जनता के विश्वास और समर्थन से इन सभी राज्यों में भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी। पार्टी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इन राज्यों में उसकी जीत किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के अधिकारों की जीत होगी।

000

निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आचार संहिता की पालना करने का काम शुरू हो गया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य की योजनाओं में अब कोई नया नहीं जोड़ा जा सकता। यदि किसी को नियुक्ति दी जा चुकी है तो वह बिना अनुमति के ज्वाइन भी नहीं कर सकता है। उन्होंने बताया कि नए टेंडर तथा अन्य प्रक्रियाएं भी अब नहीं हो सकेंगे।

................

आज जयपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सरकार की सभी वेबसाइट और सभी इमारतों से राजनेताओं के फोटो और विज्ञापन हटाने के निर्देश दिए गए हैं। श्री गुप्ता ने बताया सभी मतदाता मतदान सूची में अपना नाम देख लेवे यदि किसी कारणवश किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो अभी भी 27 अक्टूबर तक वह अपना नाम जुड़वा सकता है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग और उम्र दराज मतदाता 4 नवंबर तक घर से मतदान करने की सुविधा के वास्ते आवेदन कर सकते हैं।

000

प्रदेश में विधानसभा चुनावों को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होते ही विभिन्न राजनैतिक दलों की ओर से तथा सरकारी योजनाओं को लेकर लगाए गए पोस्टर, बैनर और होर्डिंग हटाने का काम शुरू हो गया है। जयपुर सहित सभी जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारियों ने इस बारे में आदेश जारी कर सभी तरह की प्रचार सामग्री हटाने को कहा है। उधर गंगापुर सिटी में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अंजलि राजोरिया ने विधानसभा चुनाव की तारीख के ऐलान के बाद अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली तथा आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए निर्देश दिये। करौली जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बारे में प्रेस प्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी दी। उधर श्रीगंगानगर में किसी भी अप्रिय घटना और नशा तस्करी को रोकने के लिए राजस्थान, पंजाब सीमा पर निगरानी के लिये 8 टीमें लगाई गई है।

000

राज्य विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आज अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। आचार संहिता लगने के थोड़ी ही देर बाद बीजेपी ने 41 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। हमारे संवाददाता ने बताया कि भाजपा की पहली सूची में कई बड़े चेहरों को मैदान में उतारा गया है।

..................

भाजपा ने सीकर की लक्ष्मणगढ सीट से पूर्व सांसद सुभाष महरिया को उम्मीदवार बनाया है। महरिया हाल ही में वापस भाजपा में लौटे हैं। इस सीट से कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा विधायक हैं। उदयपुरवाटी से भाजपा ने शुभकरण चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। साथ ही पार्टी ने बहादुर सिंह कोली को वैर से, राजकुमारी जाटव को हिण्डौन से, नाना लाल अहारी को खैरवाडा से, सुशील कटारा को चौरासी से, भीमाभाई डामोर को कुशलगढ से टिकट दिया है। भाजपा ने पूर्व गुर्जर नेता कर्नल किरोडी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैंसला को देवली–उनियारा से मैदान में उतारा है।

दूसरी ओर, कांग्रेस भी किसी भी समय अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। इसके लिए आज नई दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हुई, जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट समेत अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

000

..................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मानवता की खुशहाली और जलवायु परिवर्तन के कारण पैदा चुनौतियों से तेजी से निपटने के लिए उपयुक्त खाद्य प्रणाली बनाने पर जोर दिया है। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में न्यायोचित और उपयुक्त कृषि खाद्य प्रणाली की ओर शोध और उसके प्रभाव विषय पर एक कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

000

सघन मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण अभियाान का तीसरा चरण आज से शुरू हुआ। 14 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान 5 साल तक के बच्चों को बीसीजी, डीपीटी, पेन्टावेलेन्ट, हेपेटाईटिस और अन्य टीके लगाये जाते हैं जिससे बच्चों का 11 जानलेवा बीमारियों से बचाव होता है। गर्भवती महिलाओं को टिटनेस का टीका लगाया जाता है। झालावाड में इस अभियान के लिये साढे 9 सौ टीकाकरण स्थल बनाये गये हैं। बूंदी में मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण अभियान के बारे में जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

000

विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अन्तर्गत आज करौली में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इनमें छात्र–छात्राओं ने भाग लेकर अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिए किए जा सकने वाले उपायों की जानकारी ली। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

000

आज विश्व डाक दिवस है। इस अवसर कोटा में डाक सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत डाक विभाग की ओर से विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। 13 अक्टूबर चलने वाले कार्यक्रमों के दौरान विश्व डाक दिवस औ सप्ताह के पोस्टर बैनरों का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं विभाग की ओर से कल बचत बैंक योजनाओं, डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लिए डाक चौपाल लगेगी। फिलेटली दिवस पर जागरूकता सेमिनार 11 अक्टूबर को होगी।

000

आज भारतीय विदेश सेवा दिवस है। इस अवसर पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत की अध्यक्षता में हुए जी–20 सम्मेलन ने दिखाया है कि भारतीय कूटनीति वास्तविकता में अंतर ला सकती है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जैसे–जैसे भारत दुनिया में आगे बढ़ रहा है, विदेश सेवा अधिकारियों की जिम्मेदारी भी प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि देश के बाकी हिस्सों की तरह भारतीय विदेश सेवा भी अमृतकाल में महत्वपूर्ण कार्य करती रहेगी।

000